विवरण 2क

# ब.अ. 2023-24 और सं.अ. 2023-24 के बीच व्यय के बड़े अंतरों का विवरण

वर्ष 2023-24 के लिए व्यय का संशोधित अनुमान बजट अनुमान 2023-24 की तुलना में ₹ 12,611करोड़ की कमी दर्शाता है। व्यय के जिन प्रमुख मदों, में परिवर्तन हुआ हैं, वे निम्नवत दर्शाई गई हैं:-

*( ₹ करोड़ में)*

| | | ब.अ. 2023-24 | सं.अ. 2023-24 | अन्तर कमी(-)/ वृद्धि(+) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण रोजगार | 60000 | 86000 | (+) 26000 |
| 2 | शिक्षा | 53917 | 79768 | (+) 25851 |
| 3 | रक्षा सेवाएं (पूंजी परिव्यय सहित) | 432720 | 455897 | (+) 23177 |
| 4 | फसल खेती | 115379 | 137415 | (+) 22036 |
| 5 | खाद्य भंडारण और भंडागार | 200682 | 214781 | (+) 14099 |
| 6 | परिवहन | 9271 | 22522 | (+) 13251 |
| 7 | विदेश कार्य | 9931 | 20824 | (+) 10893 |
| 8 | राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता अनुदान | 659736 | 590531 | (-) 69205 |
| 9 | पेट्रोलियम के लिए पूंजीगत परिव्यय | 35508 | 40 | (-) 35468 |
| 10 | ब्याज भुगतान और ऋण की चुकौती | 1079971 | 1055427 | (-) 24544 |
| 11 | अन्य व्यय | 1845982 | 1827281 | (-) 18701 |
| | **कुल व्यय** | **4503097** | **4490486** | **(-) 12611** |

**कारण**

1. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत अधिक आवश्यकता।
2. माध्यमिक उच्चतर शिक्षा कोष, जोकि मुख्य रुप से लोक लेखा में एक आरक्षित निधि है, में अपेक्षाकृत अधिक अंतरण और विश्वविधालय अनुदान आयोग और केंद्रीय विश्वविद्यालयों को अपेक्षाकृत अधिक अनुदान।
3. सैन्य बलों के राजस्व व्यय की आवश्यकता में वृद्धि।
4. देशी और आयातित ऊर्वरकों पर पोषक आधारित सब्सिडी के लिए आवंटन में वृद्धि।
5. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत खाद्यान्नों के वितरण तथा राज्य सरकारों द्वारा खाद्यान्नों के विकेंद्रीकृत प्रापण के अंतर्गत खाद्यान्न सब्सिडी के लिए प्रमुख रुप से उच्चतर प्रावधान।
6. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना स्कीम के लिए कृषि अवसंरचना और विकास निधि के लिए अपेक्षाकृत अधिक अंतरण।
7. अन्य देशों को दिए गए ऋणों जिन्हें संदिग्ध ऋण माना जाता है, के लिए भारत सरकार की गारंटियां लागू करने के प्रति एक्जिम बैंक को प्रदान की जाने वाली निधियों में वृद्धि।
8. प्रधानमंत्री आवास योजना के ग्रामीण और शहरी घटकों और स्थानीय निकायों को अनुदान के लिए अपेक्षाकृत कम आवश्यकताएं।
9. तेल विपणन कंपनियों को पूंजी सहायता और कार्यनीतिगत कच्चे तेल भंडार के लिए आबंटन में कमी।
10. बाजार ऋणों, नकदी प्रबंधन बिल्स, क्षतिपूर्ति और अन्य बांड्स पर ब्याज के भुगतान के लिए आवश्कता में कमी।